दिनांकः 12.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस के प्रभावों पर नई दिल्ली में 16 फरवरी से भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन आयोजित किया जाएगां सम्मेलन के लिए ऑनलाईन पंजीकरण शुरू किये गये हैं इसके लिए प्रतिभागी आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं पांच दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में दुनिया भर के सरकारी अधिकारी, उद्योगपति, शोधकर्ता, स्टार्टअप, छात्र और नागरिक एक साथ जुड़ेंगें सम्मेलन का एक प्रमुख घटक एआई इम्पैक्ट एक्सपो होगा, जिसमें स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा दक्षता और सुलभता जैसे क्षेत्रों में आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस के प्रयोग को प्रदर्शित किया जाएगां

000

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने राज्यों के जैव विविधता बोर्डों और केंद्र शासित प्रदेश की जैव विविधता परिषदों को छह करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी हैं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कहा है कि इस सहायता का उद्देश्य वैधानिक संस्थानों को मजबूत करना, जैव विविधता प्रलेखन की गुणवत्ता में सुधार करना और जमीनी स्तर पर पहुंच तथा लाभ को साझा करने के लिए एक सक्षम तंत्र विकसित करना हैं

000

राष्ट्र आज आर्य समाज के संस्थापक और समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा हैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी दयानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कीं सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि स्वामी जी ने समाज के साथ–साथ देश की शिक्षा प्रणाली का अमूल्य मार्गदर्शन कियां प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक सुधार के लिए स्वामी दयानंद के प्रयास देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें नमन किया हैं

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं कक्षा की परीक्षाएं आज से कडी सुरक्षा के बीच शुरू हुईं इस साल बोर्ड परीक्षाओं के लिए 19 लाख 90 हजार से ज्यादा विद्यार्थी पंजीकृत हैं पहले दिन परीक्षा के बाद विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी नजर आयीं पाली की ऋषिका परिहार ने कहा कि उन्होंने परीक्षा के लिए काफी मेहनत की थीं उनका पर्चा बहुत अच्छा हुआं

....

000

भीलवाड़ा जिले में इस बार मंडियों में सरसों की अच्छी आवक हुई हैं साथ ही समर्थन मूल्य से महंगे दाम पर सरसों बिकने के कारण किसानों के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही हैं किसानों ने इस बार बडी उम्मीद के साथ रबी की फसल के रूप में सरसों की फसल की बुवाई की थीं अत्याधिक सर्दी और कोहरे के कारण पैदावार भी अच्छी हुईं कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन ने बताया कि जिले में इस बार किसानों ने 61 हजार हेक्टेयर भूमि में सरसों की फसल की बुवाई की थीं भीलवाड़ा मण्डी में अपनी सरसों की उपज बेचने आए खारखंदा के किसान निर्मल जैन ने बताया उन्होंने पांच बीघा में फसल बोई थीं मौसम अनुकूल रहने के कारण अच्छी उपज हुई हैं

....

000

भरतपुर में आज से मिलेट्स मेला शुरू हुआ हैं राजस्थान खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण केंद्र की ओर से लगाए गए मेले में मोटे अनाज के सेवन से होने वाले फायदे के बारे में बताया जा रहा है इसके साथ ही इनके पोषक तत्वों के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है इस दौरान विभिन्न स्टॉल्स के माध्यम से प्रदर्शनी भी लगाई गई हैं

000

भरतपुर के स्थापना दिवस समारोह की शुरूआत कल से होगीं इसे भरतपुर महोत्सव के रूप में मनाया जाएगां महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से 19 फरवरी तक विभिन्न आयोजन किये जायेगें कल ज़िले के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन को एक मंच पर लाने के लिये महाराजा सूरजमल स्मारक पर पुष्पांजलि और संगोष्ठी आयोजित की जाएगीं वहीं 14 फरवरी को केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में घना बर्ड फेस्टिवल आयोजित होगा, जिसमे फोटो प्रदर्शनी और पर्यटकों के लिये रोचक प्रतियोगिताएं कराई जाएंगीं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 131वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 20 फरवरी तक स्वीकार किए जाएंगें